# भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन
# Indian Space Research Organisation

## इसरो साइबरस्पेस प्रतियोगितायेँ (आई सी सी – 2020)
## ISRO Cyberspace Competitions (ICC – 2020)

वर्तमान COVID -19 के चुनौतीपूर्ण समय के दौरान, जब भौतिक रूप से बैठकें / सभायें लगभग असंभव हैं, इसरो ऑनलाइन के माध्यम से **"इसरो साइबरस्पेस प्रतियोगितायेँ (आई सी सी – 2020)"** का आयोजन कर हमारे देश के बच्चों / युवाओं को एकीकृत कर उनकी संभावित प्रतिभाओं को प्रदर्शित करने में अपनी भूमिका निभाने की योजना बना रहा है।

During the present COVID-19 challenging times, when physical meetings are near-impossible, ISRO plans to play its unifying role for the young minds of our country by involving them in various online competitions showcasing their potential talents by organising online **ISRO Cyberspace Competitions–2020 (ICC–2020).**

आई सी सी-2020, छात्रों को विभिन्न शहरों की यात्रा से बचाते हुये, इस चुनौतीपूर्ण समय में उन्हें अपने घर में सुरक्षित रहते हुये ऑनलाइन भागीदारी की सुविधा प्रदान करता है। नियोजित प्रतियोगिताएं हैं:

1. कक्षा 1 से 3 के लिए चित्रकला प्रतियोगिता
2. कक्षा 4 से 8 के लिए मॉडल बनाने की प्रतियोगिता
3. कक्षा 9 से 10 के लिए निबंध प्रतियोगिता (हिंदी या अंग्रेजी भाषा में)
4. कक्षा 11 से 12 के लिए निबंध प्रतियोगिता / अंतरिक्ष प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता (हिंदी या अंग्रेजी भाषा में)

ICC–2020 would avoid the physical travel of the students to different places and facilitates their participation online keeping them safe within their home during these testing times. The competitions planned are:

1. Drawing competition for Class 1 to 3
2. Model making competition for Class 4 to 8
3. Essay competition for class 9 to 10 (Either Hindi or English)
4. Essay competition / Space-Quiz contest for class 11 to 12 (Either Hindi or English)

वर्तमान परिदृश्य के दौरान, जब अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी से संबंधित बाह्यपहुंच कार्यक्रम संभव नहीं हैं, तब यह साइबर स्पेस आधारित प्रतियोगिता अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अवधारणाओं और असीम रहस्यों का पता लगाने के लिए छात्र समुदाय को प्रेरित करने में सबसे आगे होगी।

During the present scenario, when all the outreach programmes related to space science and technology are apparently not possible, this cyberspace based competition will be a frontrunner in motivating the student community to explore the concepts and boundless mysteries in the space science and technology domain.

भारतीय जनमानस के डिजिटल जागरूकता में वृद्धि के साथ, इस प्रतियोगिता में भागीदारी 'डिजिटल इंडिया' के तत्वज्ञान की दिशा में होगी और इसका उद्देश्य अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी के प्रति स्कूली छात्रों की असीम कल्पनाशीलता का दोहन करते हुए रचनात्मकता, जिज्ञासा, नवीनता का दोहन करना होगा ।

With increase in digital awareness of the Indian mass, the participation in this competition will be in-line towards the philosophy of 'Digital India' and aims to tap the creativity, inquisitiveness, innovativeness harnessing the unbound imagination of school students towards Space Science and Technology.

**भागीदारी के लिए कोई शुल्क नहीं है । There is no fee for participation.**

ऑनलाइन पंजीकरण के लिए कृपया लॉग ऑन करें For registration online, please visit:

https://icc2020.isro.gov.in/icc/register.jsp

इसरो साइबरस्पेस प्रतियोगितायेँ – 2020 के सामान्य नियम एवं विवरण निम्नलिखित हैं:

The general rules and details of ICC – 2020 are as follows:

## सामान्य नियम और विनियम:

1. प्रतियोगिता भारत में पढ़ रहे स्कूली छात्रों के लिए है।
2. आई सी सी –2020 प्रतियोगिता में भाग लेना पूर्णतः शुल्क रहित है।
3. सभी प्रतियोगिताएं व्यक्तिगत प्रतियोगिताएं हैं।
4. इन प्रतियोगिताएं में घर-बैठे हिस्सा लिया जा सकता है और प्रतिभागियों को कहीं यात्रा करने की आवश्यकता नहीं है।
5. एक विशेष वर्ग की श्रेणी के लिए छात्रों की संबद्धता शैक्षणिक वर्ष 2020-21 के दौरान उनके नामांकन पर आधारित होगी।
6. शैक्षणिक वर्ष 2019-20 के दौरान संस्थान द्वारा जारी किए गए पहचान पत्र को संदर्भ के रूप में लिया जाएगा।
7. यदि शैक्षणिक वर्ष 2019-20 के लिए परिणाम प्रतीक्षित हैं, तो यह माना जा सकता है कि प्रतिभागी ने पहले ही परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है और शैक्षणिक वर्ष 2020-21 के दौरान अगली कक्षा में दाखिला ले लिया है। यह शर्त केवल ऑनलाइन मोड के माध्यम से "इसरो साइबरस्पेस प्रतियोगिता - 2020" में भाग लेने के लिए लागू है और इसे किसी अन्य उद्देश्य के लिए समर्थन के रूप में नहीं लिया जा सकता है।
8. इसरो की वेबसाइट **www.isro.gov.in/icc-2020** पर पंजीकरण **24 जून 2020** को या उससे पहले किया जाना है। सफल पंजीकरण के लिए एक विशिष्ट पंजीकरण संख्या उत्पन्न की जाएगी।
9. एक प्रतिभागी केवल एक प्रतियोगिता के लिए पंजीकरण कर सकता है और भाग ले सकता है।
10. अपलोड करने वाली फ़ाइल का नाम प्रतिभागी की पंजीकरण संख्या होगा।
11. शीर्ष 500 प्रतिभागियों के नाम की घोषणा इसरो की वेबसाइट पर की जाएगी और मेरिट प्रमाण पत्र ई-मेल / पोस्ट द्वारा प्रदान किए जाएंगे।
12. अन्य सभी प्रतिभागियों को ई-मेल के माध्यम से भागीदारी प्रमाण पत्र प्राप्त होगा।
13. इसरो पोर्टल पर ICC-2020 की विस्तृत जानकारी / प्रक्रिया प्रदान की जाएगी।
14. सभी प्रतियोगिताओं की समय-सारणी एवं शीर्षक, शीघ्र ही इसरो पोर्टल पर उपलब्ध कराया जाएगा।
15. अधिक जानकारी हेतु, कृपया संपर्क करें।

    दूर-भाष: **080 – 2351 5850** (10.00 AM to 05.00 PM)

    इ-मेल : **icc-2020@isro.gov.in**

## General Rules & Regulations:

1. The competition is open to the school students studying in India.
2. The participation in ICC-2020 is without any fee.
3. All competitions are individual events.
4. Participation in these competitions can be done from home and participants need not travel anywhere.
5. The affiliation of the students for a particular class category shall be based on their enrolment during the academic year 2020-21.
6. The Identity Card issued by the Institution during the Academic Year 2019-20 shall be taken as reference.
7. In case the results are awaited for Academic Year 2019-20, it may be deemed that the participant has already passed the examination and has got enrolled to the next grade during the Academic Year 2020-21. This condition is applicable only for participation in “ISRO Cyberspace Competitions – 2020” through online mode and cannot be taken as an endorsement for any other purpose.
8. Registrations has to be done on the link provided at ISRO website www.isro.gov.in/icc-2020 on or before **June 24, 2020.** A unique registration number will be generated against successful registration.
9. One individual can register and participate in only one competition.
10. Name of submission file shall be same as registration number of the participant.
11. The name of the top 500 students will be announced on ISRO website and the Merit Certificates will be provided by e-mail / post.
12. All other participants will receive Participation Certificate through e-mail.
13. The detailed procedure of the ICC-2020 shall be provided at ISRO portal.
14. The Time-Table for all the competitions along with probable topics, shall be made available on ISRO Portal shortly.
15. For further details, please contact.

    Phone: **080 – 2351 5850**

    e-mail : **icc-2020@isro.gov.in**





## चित्रकला प्रतियोगिता

1. प्रतियोगिता का विषय - पंजीकृत मेल एवं इसरो की वेबसाइट पर नियत दिन पर प्रदर्शित होगा।
2. A3 आकार के सफ़ेद पेपर या चार्ट पेपर का प्रयोग करना है।
3. ड्राइंग के लिए पानी (वॉटर), मोम (वैक्स) या पेंसिल रंगों का उपयोग करना है।
4. ड्राइंग पेपर के शीर्ष दायें कोने में केवल पंजीकरण नंबर लिखें।
5. ड्राइंग पेपर पर प्रतिभागी का नाम, स्कूल का नाम आदि लिखना भागीदारी को अमान्य बना देगा।
6. प्रतिभागी या माता-पिता को ड्राइंग का स्पष्ट फोटो लेकर या स्कैन कर इसरो की वेबसाइट पर दिए गए लिंक पर अपलोड करना है।
7. फोटो केवल .pdf या .jpeg प्रारूप में जमा करना है।
8. अपलोड करने वाली फ़ाइल का नाम प्रतिभागी की पंजीकरण संख्या रखना।

## Drawing competition

1. The topic of competition will be sent on registered e-mail and available on ISRO website on stipulated day.
2. A3 size white paper or Chart paper should be used.
3. Use water, wax or pencils colours for drawing.
4. Write registration number in the top right corner of the drawing paper.
5. Writing the participant name, school name etc. on the drawing paper shall make the participation invalid.
6. The Participant / parent to take clear photograph or scan the drawing and upload it at the given link on ISRO website.
7. Photograph in .pdf or .jpeg format only.
8. Put name of file as registration number.





## मॉडल मेकिंग / साइंस क्राफ्ट प्रतियोगिता

1. प्रतियोगिता का विषय पंजीकृत मेल पर भेजा जाएगा और निर्धारित दिन पर इसरो की वेबसाइट पर उपलब्ध होगा।
2. कार्डबोर्ड, कागज, कपड़े, चिपकने वाले टेप, रंग और गोंद का उपयोग करके एक मॉडल बनाएं। (किसी अन्य सामग्री का उपयोग करने की अनुमति नहीं है)।
3. विभिन्न कोणों से 1 - 4 तस्वीरें लें। मॉडल के बारे में लिखें और फ़ोटो डालें (अधिकतम दो A4 आकार के पेज)।
4. पेपर के ऊपरी दाएं कोने में पंजीकरण संख्या लिखें (प्रतिभागी का नाम, स्कूल का नाम आदि कागज पर लिखना भागीदारी को अमान्य बना देगा)।
5. अप लोड करने वाली फ़ाइल का नाम प्रतिभागी की पंजीकरण संख्या रखना (पीडीएफ़ केवल) ।

## Model making/Science craft competition

1. The topic of competition will be sent on registered mail and available on ISRO website on stipulated day.
2. Make a model by using cardboard, papers, clothes, adhesives tape, colours and gums. (No other material is permitted to use).
3. Take 1 - 4 photographs from different angles. Write text about the model and insert the photos (maximum two A4 size pages).
4. Write registration number in the top right corner of the paper (Writing the participant name, school name etc. on the paper shall make the participation invalid).
5. Submission has to be made in pdf format only. Put name of file as registration number.





## निबंध लेखन प्रतियोगिता

1. निर्धारित दिन पर प्रतियोगिता का विषय पंजीकृत मेल पर भेजा जाएगा और इसरो की वेबसाइट पर उपलब्ध होगा।
2. प्रतिभागी, पंजीकरण के दौरान चुनी गई भाषा - हिंदी या अंग्रेजी, में अपने ही हाथों द्वारा पूर्ण निबंध को लिखें।
3. निबंध की अधिकतम शब्द सीमा - 1000 शब्द है।
4. टाइप किए गए निबंध को स्वीकार नहीं किया जाएगा।
5. निबंध लेखन हेतु A4 शीट पेपर का उपयोग करें।
6. निबंध लेखन हेतु नीली या काली स्याही का ही उपयोग करें।
7. प्रथम पृष्ठ के ऊपरी दाएं कोने में पंजीकरण संख्या लिखें।
8. लिखे हुए निबंध के किसी भी पृष्ठ पर प्रतिभागी अपना नाम, स्कूल का नाम, फोन संख्या आदि ना लिखें। ऐसा करना आपके भागीदारी को अमान्य बना देगा।
9. इन्टरनेट / वेबसाइट पर उपलब्ध स्रोतों से प्रत्यक्ष टेक्स्ट लेकर डालने से अयोग्यता हो सकती है।
10. निबंध की स्पष्ट फोटो लें या स्कैन कर लें और सिंगल PDF फाइल में बदलें और सबमिट करें।
11. फ़ाइल का नाम अपने पंजीकरण संख्या के रूप में रखें।

## Essay writing competition

1. The topic of competition will be sent on registered mail & available on ISRO website on stipulated day.
2. Participants need to write the essay in - Hindi or English as selected during registration.
3. The maximum number of word for essay is 1000 words.
4. Typed essay will not be accepted.
5. Use A4 sheet to write the essay.
6. Use blue or black ball / ink pen.
7. Write registration number on the top right corner of the first page of the Essay.
8. Do not write participant name, school name, phone number etc. on any page of the essay. Such act can disqualify your submission.
9. Direct text from internet / web source may lead to disqualification.
10. Take clear photo / scan of the essay and convert it into single PDF file and submit.
11. Put name of file as your registration number.




## प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

इसरो पोर्टल पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के तौर-तरीकों का विस्तार से उल्लेख किया जाएगा।

## Quiz Competition

The modalities of the quiz competition shall be mentioned in detail on ISRO portal.